समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# 20000 सूर्य नमस्कार कर रचा इतिहास, भादरा पहुंचे विश्व विजेता संदीप आर्य का हुआ भव्य स्वागत।

Publisher
Published on 01 Jul 2025



## 37 घंटे मे 20000 सूर्य नमस्कार कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले संदीप आर्य का भाग्यश्री अनाथ आश्रम और भादरा तहसीलवासियों ने किया गर्मजोशी से स्वागत।

सवांदाता,भादरा,

हनुमानगढ़,

राजस्थान

**सूर्य नमस्कार के विश्व चैंपियन बने संदीप आर्य**

सवांदाता,**भादरा, हनुमानगढ़, राजस्थान :** देश के लिए गौरव का क्षण तब बना जब **फरीदपुर, हिसार** के मूल निवासी और **भादरा तहसील के गांव छानी बड़ी** से जुड़े संदीप आर्य ने लगातार **37 घंटे मे 20000 सूर्य नमस्कार** कर एक नया **विश्व रिकॉर्ड** स्थापित किया।

उनके इस कीर्तिमान को **योग** और **फिटनेस के क्षेत्र** में अभूतपूर्व उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। यह न केवल भारत के लिए गर्व की बात है बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गया है।

**भादरा की धरती पर हुआ भव्य स्वागत**

**भाग्यश्री अनाथ आश्रम, भादरा** द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में **सूर्य नमस्कार चैंपियन** संदीप आर्य का **माला पहनाकर और**

**पुष्प वर्षा कर भव्य अभिनंदन** किया गया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष **सत्यवान वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रमोद बारूपाल, सक्रिय सदस्य संदीप शर्मा** और **समाजसेवी मदन** जांगिड़ मौजूद रहे।

**स्थानीय नागरिकों, युवाओं** और विद्यार्थियों ने भी भारी संख्या में पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया।

"संपूर्ण भारत के लिए गौरव का विषय है यह उपलब्धि"
समारोह में बोलते हुए **सत्यवान वर्मा** ने कहा, "संदीप आर्य जैसे युवाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और साधना से कुछ भी संभव है। सूर्य नमस्कार जैसे योगिक अभ्यास को विश्व मंच पर ले जाकर उन्होंने भारत की संस्कृति और परंपरा को नई ऊंचाई दी है।"

समाजसेवी मदन जांगिड़ ने कहा, "संदीप न केवल योग के ब्रांड एम्बेसडर हैं, बल्कि वे युवा पीढ़ी के लिए अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का जीवंत उदाहरण हैं।"

**योग की शक्ति का जीवंत प्रमाण**
**संदीप आर्य** की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स** में भी दर्ज किया गया है। इस प्रयास के दौरान उन्होंने न थकावट की शिकायत की, **न कोई विश्राम**, **सिर्फ निरंतरता** और **संयम** के साथ योग अभ्यास किया।

उनका यह रिकॉर्ड आने वाली पीढ़ियों को **स्वास्थ्य, अनुशासन** और **भारतीय योग परंपरा** की ओर प्रेरित करेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.